Shibli National College
Azamgarh-276001
शिब्ली नेशनल कालेज, आज़मगढ़
شبلی نیشنل کالج اعظم گڑھ

(A Minority Institution)

E-mail : shiblipgcollege@gmail.com
Website : www.shiblicollege.ac.in
www.shiblicollegeonline.in

Ref. ....

Date: 07/01/2025

महत्वपूर्ण सूचना

समस्त विभागाध्यक्षों / समन्वयकों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा आन्तरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन सबमिट करने हेतु अंतिम तिथि दिनांक 17-01-2025 तक निर्धारित की गयी है। अतः दिनांक 11-01-2025 से दिनांक 16-01-2025 तक सम्बन्धित विषय / विभाग के समस्त आन्तरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन सबमिट करना सुनिश्चित करें। उक्त के अभाव में किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थितियों का समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित विभागाध्यक्ष का होगा।

(प्रोफ़ेसर अफसर अली)
प्राचार्य
PRINCIPAL
SHIBLI NATIONAL COLLEGE
AZAMGARH

संलग्नक- कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय,आजमगढ़ का पत्रांक 5348/कु०का०/2025 दिनांक 03-01-2025।

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक—5349/कु0का0/2025 दिनांक—03/01/2025

संशोधित पत्र

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष
राजकीय/अशासकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

विषय—प्रयोगात्मक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंक आवश्यक रूप से 17 जनवरी 2025 तक उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांक—5277/कु0का0/2024 दिनांक 24.12.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा सत्र 2024—25 स्नातक व परास्नातक विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षाएं दिनांक 30.01.2025 तक सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु राजभवन के निर्देश तथा मा0 कुलपति जी के आदेश के क्रम में पुनः अवगत कराना है कि **दिनांक 17.01.2025** तक प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिशित करें। सत्र 2024—25 स्नातक व परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं दिनांक 30.12.2024 को समाप्त हो चुकी हैं। प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु परीक्षकों की विषयवार सूची महाविद्यालय के लॉग—इन पोर्टल पर उपलब्ध करायी जा चुकी है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि **दिनांक 17.01.2025 तक प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा सम्पन्न करा कर अंक पोर्टल पर अपलोड करते हुए प्रयोगात्मक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के समस्त अंको** की हार्ड कॉपी परीक्षकों के फोटो व हस्ताक्षर सहित विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे विषम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शीघ्रातिशीघ्र घोषित किया जा सके।

विश्वविद्यालय के पत्रांक—3319/कु0का0/2024 दिनांक 23.04.2024 के द्वारा प्रायोगिक परीक्षा एवं सेशनल अंक को विलंब से देने पर विलंब शुल्क का प्रावधान किया गया है यदि कोई महाविद्यालय द्वारा प्रावधानित शर्तों के अनुसार प्रायोगिक एवं सेशनल का अंक विश्वविद्यालय को उपलब्ध नही कराया जाता है तो महाविद्यालय पर नियमानुसार विलम्ब शुल्क देय होगा।

यदि किसी महाविद्यालय के लॉग—इन पोर्टल पर परीक्षकों की सूची अप्राप्त है तो विश्वविद्यालय से सम्पर्क कर शीघ्र प्राप्त कर लें।

संलग्नक— विश्वविद्यालय के पत्रांक—3319/कु0का0/2024 दिनांक 23.04.2024 की छाया प्रति

भवदीय

03.01.25

कुलसचिव

प्रतिलिपि— निम्ननिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति महोदय को सूचनार्थ।
2. ऑनलाइन एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित है, कि उक्त पत्र को महाविद्यालय के कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

कुलसचिव